पं. दीनदयाल की जयंती मनाई

हिण्डौन सिटी। भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत रविवार को वर्धमान नगर स्थित गायत्री आईटीआई में बूथ कमलोत्सव का आयोजन किया गया। इसी के साथ जनसंघ व भाजपा के नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती के मौके पर उनके चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित की।

बूथ अध्यक्ष व वार्ड 2 के पार्षद राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि राष्ट्र सेवा और नवनिर्माण के कार्य में लगी भाजपा के हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने बूथों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इसी के साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं को जन जन योजना का लाभ दिलाने की बात कही।

भाजपा नेता विमल चंद जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर उनके चरित्र के बारे में जानकारी दी, साथ ही बताया कि अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। उनका कहना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है।

करौली में जागरण, पदयात्रा 4 को, पोस्टर जारी

करौली में 4 अक्टूबर को होने वाले जागरण, पदयात्रा एवं भंडारे के पोस्टर का विमोचन किया।

करौली (नि.स.)। जिला मुख्यालय पर आगामी 4 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जागरण,पदयात्रा एवं भंडारा कार्यक्रम के पोस्टर का समाज के प्रमुख लोगों द्वारा विमोचन किया गया।

समस्त जादौन सेवा समिति हैदराबाद के तत्वाधान में करौली के अंजनी माता मंदिर पर 4 अक्टूबर को विशाल भगवती जागरण,भंडारा एवं पदयात्रा का कार्यक्रम आयोजित होगा जिसकी तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए समिति के हेमराज सिंह ने कहा कि समिति के 30 सदस्य यहां आकर कार्य करते हैं यह कार्यक्रम हमारा नहीं आप सब का है सर्व समाज के लोग कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आएं उन्होंने कहा कि समाज के लोग इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और पदयात्रा में पुरुष साफा पहन कर और महिलाएं राजपूती परिधान मैं आएंगे पूर्व में भी कार्यक्रम कर चुके हैं लेकिन 2 वर्ष कोरोना के समय में बड़ा कार्यक्रम नहीं कर पाए इस वर्ष विशाल कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं। राजपूत समाज नवयुवक मंडल के भी 50 से अधिक सदस्य व्यवस्था में सहयोग करेंगे अभियंता अक्षय सिंह ने कहा कि हमने भी मां अंजनी सेवा समिति बनाई है उस के माध्यम से हम सहयोग करेंगे कर्नल कृपाल सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहती लेकिन सुधार की आवश्यकता है युवाओं की टीम बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दे ताकि कार्यक्रम सफल हो सके एडवोकेट उधो सिंह ने कहा की समाज के लोगों को ऐसे कार्यक्रमो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए हम समिति का आभार व्यक्त करते हैं कि वह हर वर्ष यहां आकर इस तरह के धार्मिक आयोजन करते हैं। एडवोकेट जयेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में धारा 144 लगा रखी है कार्यक्रम की प्रशासनिक स्वीकृति लेने के अलावा पुलिस अधिकारियों को भी सूचना दें ताकि हमारा कार्यक्रम पूरी तरह सफल हो सके सभी लोग निर्धारित समय पर कार्यक्रम में पहुंचे समय का पूरा ध्यान रखें हम समिति का आभार व्यक्त करते हैं कि वह समाज का नाम रोशन कर रहे हैं इसके अलावा राजपूत समाज सहित हैदराबाद समिति के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया।

'रक्तदान शिविर आयोजित

धौलपुर। अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी बाड़ी के सौजन्य से अग्रवाल धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

शिविर में जिला कलक्टर ने कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करना एक महान और पुनीत कार्य है। अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करें।

रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं होती है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। समाज के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करने और लोगों को जीवन दान देने के लिए रक्तदान करें। आपके रक्तदान से किसी की जीदंगी बच जाती है।

इस दौरान उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने कहा की स्वयं सेवी संस्थाओं और संगठन आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करते है।

सार-समाचार

हादसे में 2 जने घायल

वैर । स्टेट मेगा हाईवे 45 पर देर रात्रि 2 बाइक आमने सामने से टकरा गई।जिससे बाइक सवार दो जने घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार कर दोनों जनों को भरतपुर रेफर कर दिया। स्टेट मेगा हाईवे 45 पर मोरदा मोड के पास देर रात्रि दो बाईकों की टक्कर में नरहरपुर निवासी भागचंद पुत्र महाराज सिंह व रायसीस निवासी राम अवतार पुत्र नवल सिंह घायल हो गए।ठाामीणों की सूचना पर पुलिस थाना वैर व एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंची।घायलों को सीएचसी वैर में भर्ती कराया ।जहां हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को भरतपुर रैफर कर दिया।

शोक जताया

करौली (नि.स.)। करौली विधायक लाखन सिंह के गाँव कटकड में उनकी माताजी के निधन पर अधिकारी,कर्मचारी नेताओं व जन प्रतिनिधियों द्वारा गाँव कटकड में विधायक लाखन सिंह को सांत्वना देने पहुँचे रहे है लोग रविवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के मन्त्री परसादी लाल मीणा,राज्य सभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीना, करौली धौलपुर सांसद प्रत्याशी संजय जाटव,एडीएम परसराम मीणा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ, पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीना,पूर्व जिला प्रमुख पंखी लाल मीना सहित सर्व समाज के लोगों ने करौली विधायक लाखन सिंह मीना से मिलकर सांत्वना दी।

दूध की थैली को लेकर युवक से मारपीट

बयाना । दूध की थैली हाथ से नीचे गिरने पर आपस में हुई कहासुनी ने ऐसा तूल पकडा कि देखते देखते आपसी मारपीट में बदल गया और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए बयाना के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराना पडा। इधर पीडित युवक के भाई की ओर से नामजद आरोपीयों के विरूद्ध मारपीट कर उसके भाई को चोटे पहुंचाने का मामला दर्ज कराया है।

मेले के लिए प्रशासन ने की तैयारियां

बयाना 25 सितम्बर। बयाना में भरतपुर जिले के सबसे बड़े शक्तिपीठ श्री कैलादेवी झील का बाड़ा में 26 सितंबर से शारदीय नवरात्र मेला भरेगा। जहां राजस्थान समेत हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों से भी श्रद्धालु राजराजेश्वरी कैला माता के दर्शन करने आएंगे। 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले को लेकर देवस्थान विभाग की ओर से 250 अस्थाई दुकानों का आवंटन किया गया है।

मेला मजिस्ट्रेट और एसडीएम त्रिलोक चंद मीणा ने सभी विभागीय अधिकारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां करने को कहा है।

एसडीएम ने बैठक लेकर डिस्कॉम को निर्बाध बिजली सप्लाई, पीएचईडी को रवि कुंड और कालीसिल में पानी भरने के साथ ही मेला परिसर में पेयजल आपूर्ति, वन विभाग को पेड़ों पर लगे मधुमक्खी के छत्ते हटाने, ब्लॉक सीएमएचओ को मेले के दौरान 24 घंटे एंबुलेंस तैयार रखने और मेडिकल कैंप लगाने के निर्देश दिए।

'पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्गों पर चलें'

सवाई माधोपुर। रविवार को भाजपा शहर मण्डल सवाई माधोपुर द्वारा सभी बूथो व शक्ति केन्द्रो पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई! भाजपा शहर मण्डल के अध्यक्ष श्रीचरण महावर ने बताया कि आलनपुर शक्ति केन्द्र के बूथ नं. 208,209,210,212 पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमति आशा मीणा जी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामकिशोर अठावाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई ! इस मौके पर वक्ताओं ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताये गये मार्गो पर व उनकी विचारधारा पर चलने के लिए प्रेरित किया ! इस मौके पर पूर्व प्रधान मीरा सैनी, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, मण्डल उपाध्याय हनुमान माली, चन्दन सिंह नरुका, महामंत्री रामकिशोर सैनी, बूथ अध्यक्षअध्यक्ष सीताराम सैनी, मनोहर गुर्जर, मोहित सैनी, राजेश अठावाल, उमाशंकर योगी, अजय शर्मा, राजकुमार दाधीच मोजूद रहे ! इसी प्रकार हरसहाय जी कटला शक्ति केन्द्र के बूथ नं. 223,224,225 पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दीनदयाल मथुरिया के मुख्य आतिथ्य व मण्डल उपाध्यक्ष रमेश जैन की अध्यक्षता में रखी गई ! इस मौके पर शक्ति केन्द्र संयोजक कपिल जैन, अनिल बंसल,बूथ अध्यक्ष गोपाल नामा, प्रभारी लक्ष्मी नारायण, सुरेन्द्र सैनी,नीरज मित्तल, रवि जैन, आशीष जैन, राहुल,बिष्णु आदि मौजूद रहे ! इसी प्रकार शक्ति केन्द्र दण्डवीर बालाजी क्षेत्र के बूथ नं. 230, 231,232, 233, 234,235 पर जिला महामंत्री आचार्य लोकेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य व मण्डल उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ! इस मोकै पर शक्ति केन्द्र संयोजक महेश साहू, बूथ अध्यक्ष शम्भू सैनी, राकेश साहू, शकुन्तला तम्बोली व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ! इसी प्रकार रामलीला मैदान शक्ति केन्द्र के बूथ नं. 225,226,227,228,229 पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमति आशा मीणा जी के मुख्य आतिथ्य व मण्डल अध्यक्ष श्रीचरण महावर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कोतवाली थाने का नया भवन तैयार

गंगापुर सिटी । स्थानीय कोतवाली थाने को पिछले कई सालो से नये भवन की दरकार थी वो अब पूरी होने जा रही है। गंगापुर सिटी कोतवाली थाने में 2.28 करोड रुपए की लागत से कोतवाली थाने की नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है। थाने की 2 मंजिला इमारत आधुनिक और मॉडल रूप में तैयार हुई है। अगर सब कुछ उम्मीद के मुताबिक रहा तो आने वाले 7 दिनों में कोतवाली थाने का उद्घाटन हो जाएगा और थाना नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा। नए कोतवाली थाना में आने वाले फरियादियों के लिए स्वागत कक्ष बनाया गया है, जिसमें बैठकर वह अपनी एफआईआर लिखकर दे सकेंगे। इसके अलावा एक हवालात, एक मालखाना, थाना प्रभारी का कमरा, एचएम रूम और कम्प्यूटर रूम भी बनाताय गया है।

कोतवाली थाने की पुरानी बिल्डिंग आजादी से पहले 1942 में बनाई गई था। पुरानी इमारत की दीवारों और छत से चूना गिरता रहता है। थाने का बरामदा भी क्षतिग्रस्त है, जिससे कई बार प्लास्टर भी गिर चुका है।

मंत्री गर्ग ने गांवों का दौरा कर फसल खराबे का लिया जायजा

- **दौरे के दौरान मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार से हर संभव सहायता दिलाई जायेगी**
- **मुरवारा एवं तुहिया गॉव का दौरा किया जहॉ उन्होंने पाया कि खरीफ की फसलें लगभग शतप्रतिशत खराब हो गई हैं**

भरतपुर (निस)। तकनीकी षिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने रविवार को दूसरे दिन भी भरतपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर फसल खराबे का जायजा लिया। जहॉ उन्होंने किसानों को विश्वास दिलाया कि सभी फसल खराबे वाले किसानों को राज्य सरकार की ओर से सहायता राशि दिलायी जायेगी जिसके लिये गिरदावरी का कार्य जारी है वहीं केसीसी धारक किसानों के फसल खराबे संबंधी आवेदन राजीव गॉधी सेवा केन्द्रों पर कृषि विभाग के कार्मिकों द्वारा स्वीकार करना प्रारम्भ हो चुका है। इन किसानों को बीमा कम्पनी राज्य सरकार के अलावा अलग से मुआवजा देगी।

डॉ. गर्ग ने रविवार को मुरवारा एवं तुहिया गॉव का दौरा किया जहॉ उन्होंने पाया कि खरीफ की फसलें लगभग शतप्रतिषत खराब हो गई हैं ऐसे सभी किसानों को गिरदावरी रिपोर्ट पूरी होने के बाद राज्य आपदा प्रबंधन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उन्होंने फसल खराबे का जायजा लेते समय किसानों को यह भी विष्वास दिलाया कि जिन किसानों ने केसीसी के द्वारा बीमा करा रखा है उन्हें सहायता राशि दिलाने के लिये सभी राजीव गॉधी सेवा केन्द्रों पर कृषि विभाग के कार्मिकों द्वारा आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं।

इसके बाद फसल खराबे वाले किसानों का ऑफलाईन सर्वे कम्पनी, राजस्व विभाग एवं कृशि विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा तब उन्हें मुआवजा राषि बीमा कम्पनी द्वारा प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि ऑफलाईन सर्वे के लिये आवेदन तैयार करने हेतु उपखण्ड अधिकारी राजीव गॉधी सेवा केन्द्रों में प्राप्त हो रहे आवेदनों का अवलोकन कर रहे हैं।

दौरे के समय डॉ. गर्ग के साथ सेवर पंचायत समिति के प्रधान शकुन्तला सतीष सोगरवाल, उपप्रधान ओम प्रकाश हथैनी, उपखण्ड अधिकारी देवेन्द्र सिंह परमार , विकास अधिकारी देवेन्द्र सिंह, दिनेश बघेल आदि साथ थे।

जयपुर में विधायक दल की बैठक होने के कारण डॉ. गर्ग रविवार को फसल खराबे के दौरे को बीच में ही छोडकर जयपुर रवाना हो गये वे पुनः सोमवार को भरतपुर आकर षेश गॉवों का दौरा कर फसल खराबे का जायजा लेंगे और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

अग्रसेन जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हिण्डौन सिटी। शहर के कटरा बाजार में स्तिथ अग्रवाल धर्मशाला में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस दौरान अध्यक्ष माया गोयल, महामंत्री आशा बंसल द्वारा महाराजा अठासेन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन आशा बंसल ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें डाइस और कॉइन में मोना मित्तल प्रथम , सुधा गर्ग एवं निशा गर्ग दोनों द्वितीय, चिमटी से चूड़ी लगाना प्रतियोगिता में नीतू कम्बलवाल प्रथम, अंकिता गर्ग द्वितीय, बाउल में रबड लगाकर उसके ऊपर सिक्के रखना प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में अंकिता अग्रवाल प्रथम, पूर्णिमा अठावाल द्वितीय एवं छात्र वर्ग में ऋषि मित्तल,प्रिंस अग्रवाल द्वितीय एवं जूनियर वर्ग में हर्षिता अठावाल प्रथम, मनी अठावाल एवं अक्षिता गर्ग द्वितीय स्थान पर रही ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

वैर । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा शहर मंडल वैर द्वारा बूथ संख्या 123 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सैनी ने की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए । तथा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। महामंत्री सौरभ सैनी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अखंड भारत की कल्पना की थी। जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास की कल्पना की थी। आज भारत सरकार बीमा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अंत्योदय योजना, किसान बीमा योजना, आवास योजना आदि योजनाओं के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को पूरा कर रही है।

पांच हजार औषधीयुक्त लड्डू बनाए

भरतपुर (निस)। अखिल विश्व गायत्री परिवार आध्यात्मिक कार्यो के माध्यम से समाज में दुष्प्रवृति उन्मूलन व सत्प्रवृति संवर्धन, मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण, 21वी सदी उज्ज्वल भविष्य, गृह गृह गायत्री गृह गृह यज्ञ के साथ प्राणी मात्र के कल्याण के कार्यों में प्रत्येक गायत्री परिवार का परिजन निस्वार्थ भाव से लगा रहता है।

गायत्री परिवार के प्रमुख्य ट्रस्टी देवेन्द्रचामड ने बताया कि भारतीय संस्कृति के आधार गो, गुरु, गायत्री, गीता, गंगा मे से गाय माता पर बहुत बड़ा संकट लंपी वायरस स्कीन डिजीज के रूप मे पूरे देश में आया हुआ है। इस समय पर गायत्री परिवार ट्रस्ट भरतपुर द्वारा गाय माता को लंपी वायरस से बचाने के लिए आयुर्वेद औषधीय लडडू परिजनों के सहयोग से बनवाए गए हैं, यह औषधीय गुणों से युक्त लडडू गोवंश की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ साथ लंपी रोग को दूर करने में भी मदद करेंगे, पहले चरण में करीब पांच हजार लडडू बनाए गए हैं, इन लडडूओं में गिलोय, कालीमिर्च, सेंधा नमक, नीमपत्र, तुलसीपत्र, धनिया, हल्दी, अजवाइन, मुलेठी, आंवला चूर्ण और काला जीरा, आटा, गुड, सरसों का तेल मिलाकर बनाया गया है।

पितृ अमावस्या के दिन सावलदास की गढी गोशाला पर प्रातः गायों को खिलाये। कार्यक्रम में डॉ. सुशील पाराशर, डॉ. गिरीश शर्मा, डा. जय सिंह कहरवाल, डॉ. नरेन्द्र जोशी, भगवान सिंह, सुरेश पाराषर, हीरालाल सोनी, राजेन्द्र राजोरिया, विवेक चामड, मांगीलाल, चन्द्रप्रकाश जसोरिया उपस्थित थे। इसकार्य के लिए गायत्री परिजनों के अलावा अभिषेक सिंघल, देवेन्द्र गुप्ता-नेशनल ऑयल मिल वाले, दीनदयाल सिंघल, नईमण्डी आदि ने सहयोग किया।

डाण्डिया की धूम शुरु

भरतपुर (निस)। नवरात्रा की पूर्व संध्या पर भरतपुर जेसीआई सखी के द्वारा डांडिया सखी 2.0 कार्यक्रम का आयोजन जेसीआई सखी अध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी की अध्यक्षता में सारस चौराहे स्थित आजाद टावर के हॉल में किया गया। डांडिया कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर धमाल मचाया। सोमवार से षारदीय नवरात्रा का षुभारंभ हो रहा है। नवरात्रा में नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना होगी। वहीं नवरात्रा में डाण्डिया की अलग ही धूम रहती है। जेसीआई सखी के द्वारा भी हर साल डाण्डिया महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर डाण्डिया महोत्सव में महिलाओं एवं युवतियों के लिए डाडिया कॉस्टयूम, स्टाइलिस दिवा, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट डाण्डिया डांस, ओल्ड इज गोल्ड, बेस्ट गेटअप, बेस्ट नेल आर्ट, डाण्डिया क्वीन सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है। जिससे महिलाओं एवं युवतियों में अलग ही उत्साह होता है।

भामाशाह रामनिवास मीना का सम्मान किया

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना का रविवार को टोडाभीम में युवाओं ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

हिण्डौन सिटी । पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना का रविवार को टोडाभीम में युवाओं ने माला और साफा पहनाकर जोरदार ढंग से सम्मान किया। इस मौके पर युवाओं ने क्षेत्र में एक नया नारा दिया कि युवाओं का एक ही एलान, रामनिवास मीना रखेंगे टोडाभीम का मान और सम्मान।

टोडाभीम में उपखंड कार्यालय के पास रविवार को काफी संख्या में युवा एकत्र हुए और भामाशाह रामनिवास मीना का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। टोडाभीम के जागरूक युवा अवतार खोहरा के नेतृत्व में संदीप टोडाभीम, प्रेमराज खोहरा, पूरन खोहरा, राहुल टोडाभीम, धारा खोहरा, दिनेश खोहरा, सचिन शर्मा खोहरा, दिलकश टोडाभीम, रिषि पदमपुरा, रामराज षर्मा टोडाभीम, पिन्टू माली टोडाभीम, प्रशांत खोहरा, दिलराज खोहरा आदि ने भामाशाह रामनिवास मीना से टोडाभीम क्षेत्र में राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कराने पर विस्तार से चर्चा की। मीना ने कहा कि युवाओं का भविश्य मजबूत करने में वे युवाओं के साथ हैं। युवाओं को शिक्षा में अग्रणी रहने के साथ खेल के क्षेत्र में भी मजबूत बने रहना चाहिए। इस मौके पर युवाओं से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए भी आगे आने के लिए कहा। युवाओं ने कहा कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक लाने की इस योजना को वे भामाशाह रामनिवास मीना के नेतृत्व में हर हाल में राष्ट्रीय परियोजना घोशित कराकर रहेंगे।

पं. दीनदयाल की जीवनी बताई

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के पुरोधा, राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयन्ती कार्यक्रम पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. षैलेश सिहं की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा प. दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्वासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जो कि एक वटवृक्ष बन चुकी है, उसमें उस समय के मनीशी पं. दीनदयाल उपाध्याय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर देष को परमं वैभव की ओर ले जाना है। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन पूरा संघर्शमय रहा तथा उनका बचपन एक सामान्य उत्तर भारतीय निम्न मध्यम वर्गीय सनातनी हिन्दू वातावरण में बीता। उन्होनें राश्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रचारक के रुप में कार्य करते हुए जनसंघ के प्रथम महामंत्री के रुप में संगठन का विस्तार किया। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता ने श्रद्वा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे महामानव थे जिन्होनें अभाव और संघर्शो में अपना जीवन जिया।

नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्यों का किया स्वागत

हिण्डौन सिटी। शहर के स्टेशन रोड स्थित विधायक भरोसी लाल जाटव के आवास पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त सदस्य निवर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू एवं नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार जाटव का विधानसभा क्षेत्र के कांठोस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए शीर्ष नेतृत्व सहित विधायक भरोसी लाल जाटव का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम संयोजक नफीस अहमद पूर्व उपसभापति ने बताया कि इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक भरोसी लाल जाटव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। सभी कांठोस जनों को राज्य सरकार की उपलब्धियां आम जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करना होगा तभी हम सब राहुल गांधी के हाथ मजबूत कर पाएंगे और देश को फर्जी राष्ट्रवादी लोगों से बचा पाएंगे। निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं नवनियुक्त पीसीसी सदस्य ओमप्रकाश मामू ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां कांग्रेस पार्टी की ओर से दी गई। यह इस बात का द्योतक है कि कांठोस पार्टी में छोटे से लेकर बड़े सभी कार्यकर्ता का समान रुप से ध्यान रखा जाता है।मेरा कांठोस नेतृत्व से अनुरोध है कि कार्यकर्ता की आवाज को सुना जाए, उनके जायज काम किए जाएं जिससे कि आगामी 2023 के विधानसभा चुनावों में प्रदेश में कांठोस की सरकार बने।इस अवसर पर नवनियुक्त पीसीसी मेंबर व नगरपरिषद हिंडौन के सभापति बृजेश कुमार जाटव ने कहा कि कांठोस ने हमेशा विकास और देश की एकता अखंडता को बनाए रखने की भावना के साथ शासन किया है। हिंडौन विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुसार विकास कार्य किए जाएंगे। हिंडौन देहात ब्लॉक के निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांठोस पार्टी को और अधिक मजबूत करते हुए गांव- गांव, ढाणी- ढाणी जाकर आमजन की समस्याएं सुने और उनका निराकरण करवाने में सहयोग करें।

निवर्तमान किसान कांठोस जिलाध्यक्ष भगत सिंह डागुर एवं पूर्व नगर अध्यक्ष नरसी पाराशर ने कहा कि आज कांठोस पार्टी संक्रमण काल से गुजर रही है। अतः प्रत्येक कार्यकर्ता की यह जिम्मेदारी बनती है कि और अधिक जोर शोर से पार्टी की रीति नीतियों का प्रचार प्रसार कर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करें साथ ही राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का प्रचार प्रसार आमजन के बीच में जाकर करें।

पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार ने कहा कि उनके घर में कार्यालय के दरवाजे कांठोस कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए हमेशा खुले हुए हैं। इस अवसर पर सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मावई,रविंद्र बेनीवाल, हरि सिंह मीणा, त्रिलोक मीणा दानापुर, गोपाल मीणा ,सद्दाम खान, नौनिहाल धाकड,शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर वीर सिंह बेनीवाल,वक़्फ़ कमेटी के सदर बब्बू भाई,आदि ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश कांठोस कमेटी के नवनियुक्त सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान किसान नेता भगत सिंह डागुर का हुक्मी खेडा जी एस एस का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद अब्दुल मुग़नी,अजय मावई,एजाज़ कुरेशी,जगदीश शर्मा, पार्षद सलीम कुरेशी ,वसीम खान,अश्विनी जाटव, पार्षद राम अठावाल, भारत उदय सिंह धाकड , पार्षद दिलीप धाकड, संजय जाटव,डॉ रामजीलाल माली,धीरेंद्र धाकड, पूर्व पार्षद बाबुद्दीन खान, पंचायत समिति सदस्य इंद्रेश जाटव, कप्तान सिंह गुर्जर, अजीज गद्दी, रफीक लहचोडा, विनोद दानालपुर, शिव सिंह सेजवाल, चिरागउद्दीन कुरेशी, पार्षद दिनेश शर्मा एडवोकेट, बार के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विजेंद्र गुर्जर, राजेश लहकोडिया, बच्चू सिंह जाट, ओम जाटव फौजी, भूर सिंह, पार्षद कमरुद्दीन चौधरी, हुक्मी खेडा सरपंच सेवकराम डागुर, ग्राम सेवा सहकारी समिति के भगवान सिंह दलबीर चौधरी, मुकेश सरपंच, मोहन सिकरौदा, हरिश्चंद्र मंडावरा, रहीस महावीर जी,नावेद पठान दिनेश जाटव मास्टर सहित दर्जनों कांठोस जन उपस्थित रहे।

शैक्षिक सम्मेलन 27 को

करौली, (नि.स.) राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 27 सितंबर को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 केशवपुरा में आयोजित किया जावेगा। जिला अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चन्द्रेश गोयल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे व डाइट प्राचार्य पुष्पेंद्र शर्मा व अशोक कुमार शर्मा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि होंगे शिक्षक, शिक्षार्थी व शिक्षा विषय पर आयोजित व्याख्यान में इतिहासकार और शिक्षाविद् वेणु गोपाल शर्मा द्वारा उद्बोधन प्रथम दिवस पर आयोजित होगा संघ के श्रेष्ठ कार्यकर्ता व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जावेगा।

गायों को खिलाए औषधीय लड्डू- सर्व ब्राह्मण महासभा की जिला शाखा भरतपुर द्वारा जिले मे फेल रही महामारी लंपी रोग से प्रभावित बीमार गोवंश को गौशालाओं में जाकर निशुल्क होम्योपैथिक दवा एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से निर्मित आयुर्वेद के लडडू गोवंश को खिलाये गए। इसमें जिला शाखा भरतपुर के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

'अंत्योदय ही मोदी की योजनाओं का केंद्र बिंदू'

करौली, (नि.स.) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवाडा के अंतर्गत करौली शहर व सायपुर मंडल में हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता व धौलपुर संगठन सह प्रभारी डॉ. लोकेश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के जन्मदिन उपलक्ष्य में मुझे सौभाग्य मिल रहा है भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करने का।

डॉ0 चतुर्वेदी नें पंडित दीनदयाल के अंत्योदय को प्रधानमंत्री की योजनाओं का केंद्र बिंदु बताया जो समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करने के लक्ष्य पर बनाई गई है और उनको इसका लाभ भी मिल रहा है।करौली शहर मंडल के बूथ संख्या 40 में डॉ0 चतुर्वेदी नें वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रह्लाद सिंहल,कैलाश शर्मा हरदैनिया, के. के. मित्तल,जगदीश, द्वारका प्रसाद, पुष्पेंद्र बंसल,अजीत बीजलपुर,सीमा शुक्ला, पुष्पेंद्र सैनी, मुकेश सालोत्री, अशोक वर्मा, सुरेश मिस्त्री,नरोत्तम चतुर्वेदी आदि का सम्मान किया।

क्रमांकः-भू.वि.शाखा/2021/6092 दिनांकः29.08.2022

सार्वजनिक विज्ञप्ति

ब्रिगेडियर धासीराम नगर योजना में भूखण्ड संख्या ई.डब्ल्यू.एस 58 श्री निर्भय सिंह पुत्र श्री शिवचरन सिंह को आवंटन द्वारा विक्रय किया गया था। श्री निर्भय सिंह का स्वर्गवास दिनांक 7.3.2020 को हो गया है। श्री निर्भय सिंह के वारिसान श्रीमती पुष्पा पत्नी स्व. श्री निर्भय सिंह द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं वारिसान मृदुला सिंह ज्योतिसिंह एवं खुशबू सिंह पुत्रीयान स्व. श्री निर्भय सिंह द्वारा श्रीमती पुष्पा पत्नी स्व. श्री निर्भय सिंह के पक्ष में रजिस्टर्ड रिलीजडीड प्रस्तुत की है। श्रीमती पुष्पा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर भूखण्ड का नाम परिवर्तन अपने पक्ष में कराने हेतु इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन किया है। अतः जरिये विज्ञप्ति आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्रीमती पुष्पा पत्नी स्व. श्री निर्भय सिंह निवासी पाईबाग भरतपुर के पक्ष में करने पर किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर देवे अन्यथा भूखण्ड संख्या ई.डब्ल्यू.एस 58 ब्रिगेडियर धासीराम नगर का हस्तान्तरण श्रीमती पुष्पा पत्नी स्व. श्री निर्भय सिंह निवासी पाईबाग भरतपुर के पक्ष में कर दिया जायेगा।

(कमल राम मीना) सचिव नगर विकास न्यास, भरतपुर